दिनांक : 14.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ने पर दिया जोर
- डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में मंत्रियों ने बताई उपलब्धियां
- तानसेन संगीत समारोह" ग्वालियर में 15 से 19 दिसम्बर तक आयोजित होगा। समारोह में इस साल 10 संगीत सभाएं होंगी
- उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में

मुख्यमंत्री- सम्राट विक्रमादित्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक शहरी विकास से जोड़ा गया है। उन्होंने कल सम्राट विक्रमादित्य स्वागत द्वार एवं भोपाल में पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमि-पूजन किया और कहा कि भोपाल में भव्य विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन कर हम प्रदेश की विरासत संजोने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं शहर को स्वच्छ, सुलभ और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा देने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजनांतर्गत अत्याधुनिक ई-बस डिपो का भूमिपूजन सम्पन्न हो रहा है। राज्य सरकर के इन प्रयासों से भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास के श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मिट्टी निकालकर बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा, इससे खेतों में पानी भरने की समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बहनों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यकाल

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दो वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर प्रभारी मंत्रियों ने अपने-अपने संभागीय और जिला मुख्यालयों में जिला विकास सलाहकार समितियों के साथ बैठक कर मीडिया को संबोधित किया। धार में प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने धार जिले में विकास कार्यों, की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत अब तक 3 लाख 3 हजार 690 घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, घर पहुंच पेयजल सुविधा मिलने से ग्रामीण महिलाओं का जीवन सरल हुआ है और स्वास्थ्य स्तर में सुधार आया है।

खंडवा में प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खंडवा जिले में निजी सोलर परियोजनाओं से लगभग 490 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, उज्ज्वला योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हजारों महिलाओं और परिवारों को लाभ मिला है।

सिंधिया-डाकिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि डाकिए विश्वास का सेतु रहे हैं जो बैंकिंग, बीमा और सरकारी सेवाएं भी घर-घर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि डाकियों ने ग्रामीण भारत को जोड़ने और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री सिंधिया ने कल महाराष्ट्र के कोल्हापुर में कहा कि एक लाख 65 हजार से ज़्यादा डाकघर लगभग साढे छह लाख गांवों को सेवाएं दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "डाकिया अब बैंक लाया" के विज़न को याद करते हुए श्री सिंधिया ने बताया कि डाक विभाग अब केवल पत्र पहुंचाने तक सीमित नहीं है,बल्कि वह वित्तीय समावेशन और नागरिक सेवाओं का एक भरोसेमंद माध्यम भी है।

वंदे भारत भोजन

आई आर सी टी सी वेबसाइट पर फर्जी यूजर आईडी बनाने वालों की संख्या प्रतिदिन एक लाख से घटकर मात्र पांच हजार रह गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 3 करोड़ से अधिक फर्जी खाते निष्क्रिय किए गए हैं और 2 करोड़ से अधिक यूजर आईडी पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। श्री वैष्णव ने सभी यात्रियों के लिए टिकट प्रणाली आसान और सुगम बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों में क्षेत्रीय व्यंजन परोसने के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। श्री वैष्णव ने अधिकारियों से कहा कि इस पहल से यात्रियों को विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और स्वाद की महक मिलेगी।

महिला खिलाड़ी

ब्लाइंड विमेंस टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल जीतने वाली भारतीय टीम में शामिल मध्यप्रदेश की तीन महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 लाख रूपए प्रदान किए जाएंगे। तीनों खिलाड़ियों सुनीता सराठे, सुषमा पटेल और दुर्गा येवले ने कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीनों खिलाड़ियों और तीनों कोच का ट्राफी और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का नाम रौशन करने वाली तीनों खिलाड़ियों की आगामी पढ़ाई और कोचिंग आदि की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

एसआईआर

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत जबलपुर में आज 11 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार विशेष कैम्प में एसाईआर के अंतर्गत घर-घर सत्यापन के दौरान पाये गये अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नामों का पुनः वाचन किया जायेगा। विशेष कैम्प में नये मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने फॉर्म-6 भी भरवाये जायेंगे। नर्मदापुरम में एसआईआर के कार्य का निर्वाचन आयोग की डिप्टी सीईओ सुरभि तिवारी ने निरीक्षण किया। डिप्टी सीईओ ने घर-घर जाकर मृत मतदाताओं के परिवारों से चर्चा की। वहीं जो लोग स्थानांतरित हो गये हैं, उस जगह का निरीक्षण किया।

तानसेन संगीत समारोह

“तानसेन संगीत समारोह” ग्वालियर में 15 से 19 दिसम्बर तक आयोजित होगा। समारोह में इस साल 10 संगीत सभाएं होंगी। पहली सभा 15 दिसंबर को सायंकाल तानसेन समाधि परिसर में बनाए गए भव्य मंच पर सजेगी। इसी सभा में राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान समारोह आयोजित होगा। इसके बाद हर दिन यहीं पर प्रातः एवं सायंकालीन सभाएं होंगी।

समारोह के आखिरी दिन 19 दिसंबर को प्रातःकालीन सभा संगीत शिरोमणि तानसेन की जन्मस्थली बेहट में होगी। समारोह की पूर्व संध्या 14 दिसम्बर को पारंपरिक रूप से पूर्वरंग "गमक" संगीत सभा सजेगी। इसमें विश्व विख्यात सूफी एवं शास्त्रीय संगीत गायिका सुश्री जसपिंदर नरूला प्रस्तुति देंगी। संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर और अन्य अधिकारियों के साथ समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

लोक अदालत

प्रदेश में सिविल, मोटर दुर्घटना, टैक्स, जैसे लंबित मामलों को आपसी समझौते से निपटाने के लिए कल लोक अदालत आयोजन किया गया। जिला भोपाल अंतर्गत न्यायालयों में सभी प्रकार के प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 61 खंडपीठों का गठन किया गया था। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष 639 प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया था जिसमें से 201 प्रकरण निराकृत किये गए. इन प्रकरणों में 1038 पक्षकारों लगभग 2 करोड़ 38 लाख 39 हजार 178 रुपये के अवार्ड पारित हुए। खंडवा में नेशनल लोक अदालत में कुल 448 राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर किया गया। शाजापुर, पन्ना, झाबुआ और बड़वानी में भी लोक अदालत का आयोजन किया गया।

मौसम

उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान लगातार गिर रहा है । भोपाल और इंदौर जिलों में शीत लहर का असर रहा है। सबसे कम तापमान शहडोल के कल्याणपुर में चार दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी ठंड का असर साफ नजर आया। यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से नीचे बना हुआ है।

समाचार संक्षेप में.......

1- बैतूल में जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कल प्रदेश सरकार के विकास और सेवा के दो वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
2- रायसेन में राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।
3- आगरमालवा जिले के प्रभारी नागरसिंह चौहान ने प्रदेश शासन के दो वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारवार्ता में कहा कि उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन निर्माण का सर्वाधिक लाभ आगरमालवा जिले को मिलेगा।
4- मप्र लोक सेवा आयोग खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए आज इंदौर में 44 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित करने जा रहा है।
5- नर्मदापुरम जिले की जनपद पंचायत सिवनी मालवा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत कचरे का सही प्रबंधन, खुले में शौच न करना और जल-स्वच्छता और साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए WOW सेवा शुरू की गई है।

-------